दिन– बुधवार | दिनांक– 19 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 07:30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. नीतीश कुमार कल दसवीं बार लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में होगा भव्य शपथ ग्रहण समारोह।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा समेत एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री लेंगे भाग।

03. एनडीए के घटक दल– भाजपा, जदयू, लोजपा आर, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा कोटे के मंत्रियों को दिलाई जाएगी शपथ।

04. और, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि की इक्कीसवीं किस्त जारी की। बिहार समेत देशभर के किसानों के खाते में अठारह हजार करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई।

---

नीतीश कुमार कल दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर व्यापक तैयारी की गयी है। एक रिपोर्ट

–––रिपोर्ट–––

ऐतिहासिक गांधी मैदान कल होने वाले नई सरकार के शपथ ग्रहण के लिए सजधज कर तैयार है। नीतीश कुमार कल 10वीं बार राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां श्री कुमार और उनके कैबिनेट के सहयोगियों को शपथ दिलायेंगे। घटक दलों– भाजपा, जदयू, लोजपा रामविलास, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कई सदस्यों को मंत्री के रूप में शपथ दिलाई जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, एनडीए शासित प्रदेशों के कई मुख्यमंत्री और अन्य गणमान्य लोग शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। वीवीआईपी मेहमानों की मौजूदगी के मद्देनजर समारोह स्थल और आस–पास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। समाचार कक्ष से मैं सत्यम कुमार।

भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने बताया कि गांधी मैदान में लाखों लोग शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी होंगे। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एनडीए शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री समेत अन्य गणमान्य लोग भी शामिल होंगे।

–––बाइट–––

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अब से थोड़ी देर बाद पटना पहुंच रहे हैं। श्री शाह मंत्रिमंडल गठन को लेकर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और नेताओं के साथ विचार–विमर्श करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री का गठबंधन के अन्य दलों के वरिष्ठ नेताओं के साथ भी बातचीत का कार्यक्रम है।

---

शपथ ग्रहण समारोह में वीवीआईपी मेहमानों की मौजूदगी को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। समारोह स्थल और आस–पास के क्षेत्रों में त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। विभिन्न स्थानों पर जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। ड्रोन के जरिए भी निगरानी की जाएगी। गांधी मैदान को अठारह नवम्बर से ही आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया है। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि समारोह को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

———बाइट——— .

इधर, समारोह को देखते हुए गांधी मैदान के आसपास चिन्हित जगहों पर यातायात व्यवस्था में भी परिवर्तन किया गया है। कल सुबह आठ बजे से दोपहर तीन बजे तक भट्टाचार्य रोड चौराहा से उत्तर गांधी मैदान की ओर वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। न्यू डाकबंगला से एसपी वर्मा रोड में भी वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके अलावा पुलिस लाईन तिराहा से गांधी मैदान की ओर तथा राम गुलाम चौक से पश्चिम जे.पी. गोलम्बर की ओर भी वाहनों का प्रवेश नहीं होगा। बुद्ध मार्ग से पूरब छज्जूबाग, टीएन बनर्जी पथ पर भी समारोह के दौरान वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आज एनडीए विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। विधानसभा के सेंट्रल हॉल में गठबंधन के विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से श्री कुमार को एनडीए विधायक दल का नेता चुना गया। बैठक में घटक दल भाजपा, जदयू, लोजपा रामविलास, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सभी नवनिर्वाचित विधायकों ने श्री कुमार के नाम के प्रस्ताव का कर्तल ध्वनि से समर्थन किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजभवन जाकर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां को अपना इस्तीफा सौंपा और एनडीए की ओर से नई सरकार बनाने का दावा पेश किया।

इसके साथ ही उन्होंने एनडीए घटक दलों की ओर से समर्थन का पत्र और नवनिर्वाचित राजग सदस्यों की सूची भी राज्यपाल को सौंप दी।

---

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि नीतीश कुमार के अगुआई में एनडीए की नई सरकार बिहार के विकास के लिए नई ऊर्जा के साथ काम करेगी।

———बाइट———

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को भारतीय जनता पार्टी विधायक दल का नेता चुना गया है। विजय कुमार सिन्हा पार्टी के उप नेता पद पर चुने गए हैं। पटना स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में पार्टी के सभी नवनिर्वाचित विधायकों ने इस संबंध में प्रस्ताव का समर्थन किया। पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक और उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दोनों सह पर्यवेक्षक केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति की मौजूदगी में इसका औपचारिक ऐलान किया।

———बाइट———

भाजपा विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि उन्हें बड़ी जिम्मेदारी मिली है। वे वरिष्ठ नेताओं की अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करेंगे।

———बाइट———

वहीं, पार्टी विधायक दल के उप नेता चुने गए विजय कुमार सिन्हा ने विधायकों और वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रचंड बहुमत के बाद अब जनता से किये वायदों को पूरा करने का समय है।

———बाइट———

---

इधर, जनता दल यूनाईटेड की बैठक में आज सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पार्टी के विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। पटना में एक अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित बैठक में पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों ने एक मत से नीतीश कुमार के नाम का समर्थन किया।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज किसान सम्मान निधि की इक्कीसवीं किस्त जारी की। श्री मोदी ने तमिलनाडू के कोयम्बटूर में आयोजित समारोह के दौरान देशभर के किसानों के खाते में अठारह हजार करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के कृषि क्षेत्र में पिछले ग्यारह वर्षों में सकारात्मक और बड़े बदलाव हुए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को मदद के लिए सरकार ने सभी रास्ते खोल दिये हैं।

———बाइट———

---

इधर, पटना स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, आईसीएआर सभागार में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि राज्य में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को अब नौ हजार रुपये मिलेंगे।

———बाइट———

इस अवसर पर आईसीएआर के अधिकारियों समेत पटना और आस–पास के दो सौ से अधिक किसान मौजूद थे। किसानों ने खुले मन से सरकार की किसान सम्मान निधि योजना की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि पहले से छह हजार रुपये तीन किस्तो में मिल रहे थे। इसमें राज्य सरकार के तीन हजार रुपये शामिल हो जाने से बड़ी राहत मिलेगी।

———वॉक्सपॉप———

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आंध्र प्रदेश के श्रीसत्य साईं जिले में सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में देशभर में सौ करोड़ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि बेटियों के लिए सुकन्या समृद्धि खाते खोले जा रहे हैं।

———बाइट———

बेटियों की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए यह सुकन्या समृद्धि योजना शुरू की थीं। यह देश की उन योजनाओं में से एक है जिसमें 8.2: का सबसे ज्यादा इंटरेस्ट रेट हमारी बेटियों को मिलता है। अब तक देश की चार करोड़ से ज्यादा बेटियों के खाते सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खोले जा चुके है।

---

देश के न्यायाधीशों और सेवानिवृत्त नौकरशाहों सहित दो सौ बहत्तर प्रमुख नागरिकों ने खुला पत्र लिखकर निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना की है। पत्र में कहा गया है कि देश के नागरिकों को पूरी दृढ़ता और संकल्प के साथ निर्वाचन आयोग के साथ होना चाहिए।

---

पटना के मोईनुल हक स्टेडियम में खेले गए रणजी ट्रॉफी क्रिकेट मुकाबले में बिहार ने मिजोरम को सात विकेट से पराजित कर दिया। इस जीत के साथ बिहार को पूरे छह अंक मिल गए। मिजोरम ने पहली पारी में पांच सौ नौ रन बनाएं। वहीं, दूसरी पारी में दो सौ साठ रन बनाए। बिहार ने पहली पारी में पांच सौ बाईस और दूसरी पारी में तीन विकेट के नुकसान पर दो सौ इक्यावन रन बनाकर मैच जीत लिया। दूसरी पारी में बिहार की ओर से मंगल मेहरौर, शकीबुल गनी और आयुष ने अर्ध शतक बनाए।

---

प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न स्थानों पर न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गयी है। औरंगबाद राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान बारह दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले कुछ दिनों तक मौसम में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. नीतीश कुमार कल दसवीं बार लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में होगा भव्य शपथ ग्रहण समारोह।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा समेत एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री लेंगे भाग।

03. एनडीए के घटक दल– भाजपा, जदयू, लोजपा आर, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा कोटे के मंत्रियों को दिलाई जाएगी शपथ।

04. और, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि की इक्कीसवीं किस्त जारी की। बिहार समेत देशभर के किसानों के खाते में अठारह हजार करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।